संख्या-19/2015/617 ई-2/तेरह-2015-407/98

प्रेषक,

मोहम्मद जुनीद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक: 06 अप्रैल,2015

विषय:- फ्यूजन बार एण्ड रेस्टोरेन्ट (एफ0एल0-7) का वर्ष 2014-15 हेतु स्थल परिवर्तन करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित एवं अन्य को पृष्ठांकित अपने पत्र संख्या-1663/जि0आ0अ0/इलाहाबाद/बार अनुज्ञापन/स्था0/दिनांक इलाहाबाद 10 मार्च,2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में जिला बार समिति की बैठक दि0 02-3-2015 में की गई संस्तुति एवं इसी संदर्भ में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-232/दस-लाइसेंस-50/खण्ड-2/एफ0एल0-6,7/2012-13/इलाहाबाद, दिनांक 16 मार्च,2015 में की गई संस्तुति व अन्य सुसंगत अभिलेखों पर सम्यक् विचारोपरान्त मेसर्स फ्यूजन बार एण्ड रेस्टोरेन्ट एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन को परिसर-32/1/5, सरदार पटेल मार्ग, सिविल लाईन्स, इलाहाबाद से नये परिसर-3सी/7सी क्लाइव रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद में स्थानान्तरण हेतु शासन की अनुमति/स्वीकृति राजस्वहित में एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया तद्नुसार प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(मोहम्मद जुनीद)
संयुक्त सचिव।

संख्या-19/2015/617(1) ई-2/तेरह-2015, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या- जी-232/दस-लाइसेंस-50/खण्ड-2/एफ0एल0-6,7/2012-13/इलाहाबाद, दिनांक 16 मार्च,2015 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
(मोहम्मद जुनीद)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/intra